भारत सरकार
ग्रामीण विकास मंत्रालय
ग्रामीण विकास विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1339
(03 दिसंबर, 2024 को उत्तर दिए जाने के लिए)

जनजातीय क्षेत्रों में सर्वेक्षण

1339. डॉ. राजीव भारद्वाजः

क्या **ग्रामीण विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत हिमाचल प्रदेश के जनजातीय क्षेत्रों में सर्वेक्षण कार्य शुरू कर दिया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ख) जनजातीय क्षेत्रों में उक्त सर्वेक्षण कार्य का प्रथम चरण कब तक पूरा होने की संभावना है?

उत्तर
ग्रामीण विकास राज्य मंत्री
(श्री कमलेश पासवान)

(क) से (ख): जी, हाँ। हिमाचल प्रदेश राज्य ने यह सूचित किया है कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना IV के अंतर्गत राज्य के जनजातीय क्षेत्रों में सर्वेक्षण शुरू कर दिया गया है और इस सर्वेक्षण कार्य का पहला चरण दिनांक 30 नवंबर, 2024 से पहले पूरा होने की संभावना है। दिनांक 25 नवंबर, 2024 की स्थिति के अनुसार राज्य के चंबा, किन्नौर और लाहौल तथा स्पीति जिलों में कुल 106 बस्तियों का सर्वेक्षण किया जा चुका है।

*****